**पीआरएल में हिंदी माह कार्यक्रम - एक सिंहावलोकन**

राजभाषा हिंदी और हिंदी दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुए तथा गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग के निर्देशानुसार, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद के मुख्य परिसर सहित अन्य तीनों परिसरों थलतेज, माउंट आबू अवरक्त वेधशाला, उदयपुर सौर वेधशाला में, सितंबर माह के दौरान, हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु हिंदी माह के आयोजन की व्यवस्था की गई थी। इस वर्ष 16 सितंबर 2022 से 14 अक्टूबर 2022 के दौरान हिंदी माह मनाया गया तथा हिंदी माह कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी माह कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं में भारत की स्वतंत्रता के गौरवपूर्ण 75 वर्ष के आजादी का अमृत महोत्सव को भी सम्मिलित किया गया। साथ ही विश्व अंतरिक्ष सप्ताह भी मनाया गया। हिंदी माह प्रारंभ होने से पूर्व, निदेशक, पी.आर.एल. द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों को अधिकाधिक कार्यालयीन काम-काज हिंदी में करने की अपील की गई।

इस वर्ष हिंदी दिवस की शुरुआत सूरत, गुजरात से द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के माध्यम से  हुई है, एवं इस सम्मेलन की अध्यक्षता स्वयं गृहमंत्री, भारत सरकार ने की। देशभर के कार्यालयों से राजभाषा के प्रतिनिधियों ने सूरत के सम्मेलन में पहुंच कर अपने-अपने कार्यालयों का प्रतिनिधित्व किया। पीआरएल अहमदाबाद के मुख्य परिसर, माउंट आबू अवरक्त वेधशाला एवं उदयपुर सौर वेधशाला से कुल छह सदस्यों ने  इस सम्मेलन में प्रतिनिधित्व किया।

हिंदी पखवाड़ा समिति ने उपरोक्त संयोगों एवं उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए, पीआरएल में इस वर्ष हिंदी माह के आयोजन का निर्णय लिया एवं विभिन्न रोचक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि सभी भाषा-भाषी एवं कर्मचारी वर्ग इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकें। इनमें से अधिकांश प्रतियोगिताओं में हिंदी भाषा के उपयोग पर विशेष बल दिया गया।

हिंदी माह समारोह का उद्घाटन कार्यक्रम 16 सितंबर, 2022 को किया गया जिसमें सर्वप्रथम मंचासीन महानुभवों ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की एवं हिंदी माह समिति अध्यक्ष नें सम्पूर्ण हिंदी माह कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।

इस कार्यक्रम में डॉ. आर.जे. सुराणी, व्यवसायिक काउंसलर, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने **"आपसी संबंधों में प्रतिक्रिया का कारोबार"** विषय पर हिंदी में बहुत ही सरल सहज व्याख्यान दिया।

**हिंदी माह के दौरान आयोजित कार्यक्रम**

**1. शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022**

**उद्घाटन कार्यक्रम एवं हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी**

हिंदी माह कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी रखी गई, जिसमें पुस्तकालय द्वारा सभी प्रकार के हिंदी पुस्तक संग्रह का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, माह के दौरान प्रत्येक सप्ताह में पांच हिंदी पुस्तकों की पी.डी.एफ. वेबसाइट/इंट्रानेट पर अपलोड की गई।

**2. सोमवार, 19 सितंबर, 2022**

**हिंदी टंकण प्रतियोगिता**

हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही सुगम तरीके से हुआ जिसमें कुल 19 प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया जिसमें से तीन विजताओं का हिंदीतर श्रेणी एवं तीन विजताओं का हिंदी श्रेणी से चयन किया गया।

**3. मंगलवार, 20 सितंबर, 2022**

**सुलेख प्रतियोगिता**

सहायक स्टाफ श्रेणी में हिंदी प्रोत्साहन हेतु यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती रही है। कुल 03 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं 2 विजेताओं का चयन किया गया।

**4. शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022**

**कविता पाठ प्रतियोगिता**

पी.आर.एल. एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए कविता पाठ का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी में स्वरचित कविताएं प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया,

जिसमें कुल 16 प्रतिभागियों ने बहुत आनंदपूर्वक भाग लिया एवं 3 विजेताओं का चयन किया गया।

**5. मंगलवार, 27 सितंबर, 2022**

**आशुलेखन प्रतियोगिता**

हिंदी माह समिति द्वारा यह प्रथम प्रयास था। यह प्रतियोगिता हमारे कार्यालय में पहली बार आयोजित की गई थी। इसमें सदस्यों को सीमित शब्दों में किसी दिए गए विशिष्ट शार्षक पर अपनी बात या विचार लिखना था। इस प्रतियोगिता में कुल 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हिंदी, हिंदीतर दोनों श्रेणियों में 3-3 विजेताओं का चयन किया गया।

**6. शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022**

उदयपुर सौर वेधशाला, भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, उदयपुर में आयोजित
हिंदी पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया था, जिसका विवरण इस प्रकार है :
व्याख्यान का विषय : "जावर : जिंक उत्पादन का प्राचीनतम केंद्र"
वक्ता : प्रो. जे.एस. खड़कवाल, विभागाध्यक्ष, पुरातत्व विभाग, जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर

**7. सोमवार, 03 अक्टूबर, 2022**

**i. वर्ग पहेली**

यह प्रतियोगिता सभी परिसरों में एक ही समय पर कराई गई। यह प्रतियोगिता बहुत ही रोचक तरीके से बनाई गई थी, जिसमें कुल 73 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं हिंदी, हिंदीतर श्रेणी से 3-3 विजेताओं का चयन किया गया। इसके विषय-वस्तु में हिंदी भाषा ज्ञान, साहित्य, पीआरएल की प्लेटिनम जयंती, आजादी का अमृत महोत्सव एवं सामान्य ज्ञान को सम्मिलित किया गया था।

### ii. टिप्पण, आलेखन

टिप्पण और आलेखन सरकारी कामकाज का एक महत्वपूर्ण भाग है। इस विषय-वस्तु को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता की अवधारणा तय की गई थी। यह प्रतियोगिता भी पहली बार आयोजित की गई। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के सदस्यों ने दिए गए विषयों पर हिंदी में टिप्पण, आलेखन की। इससे प्रतियोगिता में हिंदी प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त कौशल का लाभ भी दिखाई दिया, साथ ही कार्यालय परिसर में हिंदी में काम करने के लिए उत्साह का सृजन हुआ। इसमें कुल 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं हिंदी, हिंदीतर श्रेणी से 3-3 विजेताओं का चयन किया गया।

## 8. शुक्रवार, 07 अक्टूबर, 2022

### 'हमारा कार्य' प्रतियोगिता

इस दिन विश्व अंतरिक्ष सप्ताह समारोह, आजादी का अमृत महोत्सव एवं हिंदी माह कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर, पीआरएल के डीन तथा वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. डी. पल्लमराजू द्वारा लोकप्रिय व्याख्यान दिया गया जिसका विषय **"अंतरिक्ष मौसम की समझ - पृथ्वी पर संवहनीयता सुनिश्चित करने के लिए अत्यावश्यक"** था। **हमारा कार्य** कार्यक्रम में प्रत्येक वैज्ञानिक प्रभागों और प्रशासन/सेवा अनुभागों ने अपने अपने प्रभाग में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों/अनुभाग में कार्यों का विवरण हिंदी में प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों से कुल 150 छात्र/छात्राओं को आमंत्रित किया गया। उनका अद्भुत उत्साह, उनकी जिज्ञासा एवं पीआरएल द्वारा प्रदर्शित विज्ञान में उनकी रुचि, इस कार्यक्रम की  इस प्रतियोगिता में कुल 18 प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दी जिनमें से वैज्ञानिक विभाग और प्रशासन विभाग से 3-3 विजेताओं का चयन किया गया।

## 9. शनिवार, 8 अक्टूबर, 2022

### हिंदी गायन कार्यक्रम

पीआरएल में पहली बार हिंदी गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परिवार के सदस्य भी प्रतिभागी एवं श्रोता के रूप में आमंत्रित थे। इस कार्यक्रम में हिंदी चलचित्र के विभिन्न लोकप्रिय गानों को सदस्यों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों एवं अत्याधुनिक

म्यूजिक व्यवस्था के साथ गाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सदस्यों के प्रतिभा का अत्यंत कुशल परिचय हुआ। साथ ही हिंदी भाषा गीत संगीत के माध्यम से प्रखरता प्राप्त हो, ऐसा उत्साह पीआरएल सदस्यों द्वारा जागृत किया गया।

**9. सोमवार, 10 अक्टूबर, 2022**

**शब्द प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

इस प्रतियोगिता में हिंदी शब्दों का हिंदी अर्थ और उसका वाक्य में प्रयोग, समानार्थी तथा विलोम शब्द एवं सामान्य ज्ञान शामिल किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों/अनुभागों के समूह बनाकर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस वर्ष नौ टीम बनाई गई थी और प्रत्येक टीम में पांच सदस्य थे। इसमें कुल 45 प्रतिभागी थे, हर एक चक्र के बाद कुछ चक्र दर्शकों के खेलने के लिए भी रखा गया था। इस प्रतियोगिता में भी कुल 3 विजेता टीमों का चयन किया गया।

**10. मंगलवार, 11 अक्टूबर, 2022**

**i. लघुनाटिका**

इसमें विभिन्न वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासन क्षेत्रों के सदस्यों द्वारा विभिन्न समसामयिक विषयों पर लघुनाटिका प्रस्तुत की गई। लघुनाटिका वीडियो के रूप में प्रस्तुत की गई और प्रत्येक लघुनाटिका की निर्धारित अवधि 15 मिनट की रही। सभी प्रभागों/अनुभागों के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के समसामयिक विषय पर मानवीय एवं सशक्त संदेश देते हुए नाटिकाओं की वीडियो प्रस्तुति बनाई एवं सभी प्रतिभागियों एवं पी.आर.एल. के निदेशक, डीन सहित वरिष्ठ संकाय सदस्यों की उपस्थिति में इस प्रतियोगिता में प्राप्त सभी वीडियो को एक पूर्ण कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों ने भाग लिया एवं सभी सदस्यों ने अपना सर्वश्रेष्ठ कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में भी कुल 3 टीमों को विजेताओं के रूप में चयनित किया गया।

**ii. पुरस्कार वितरण**

हिंदी माह प्रतियोगिताओं के पुरस्कार के लिए निदेशक महोदय द्वारा प्रत्येक प्रतियोगिता के वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। हिंदी माह आयोजन का यह अभिनव प्रयास, पीआरएल सदस्यों एवं समिति सदस्यों के सामूहिक प्रयास से एक अद्भुत एवं अविस्मरणीय कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुआ।




**कार्यक्रमों की कुछ झलकियां**